# उत्तर प्रदेश के इन जिलों में बनेंगे 10 नए टेक्सटाइल पार्क, 40 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 10 नए टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी। ये पार्क निजी कंपनियों द्वारा कानपुर बाराबंकी हापुड़ मऊ भदोही संत कबीर नगर गोरखपुर गाजियाबाद मेरठ और हरदोई में स्थापित किए जाएंगे जिससे लगभग 1000 इकाइयों की स्थापना की उम्मीद है जिससे लगभग 8000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 40 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।



**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 10 नए टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी। निजी कंपनियों की तरफ से इन पार्कों की स्थापना कानपुर, बाराबंकी, हापुड़, मऊ, भदोही, संत कबीर नगर, गोरखपुर, गाजियाबाद, मेरठ व हरदोई में होगी। इन टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना के बाद कच्चे माल के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता समाप्त होगी।

सरकार ने प्रदेश में नए सिरे से टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बजट में मुख्यमंत्री वस्त्र परिधान पार्क योजना के तहत एक करोड़ रुपये का प्रविधान किया है।

## निजी कंपनियों द्वारा स्थापित किया जाएगा पार्क

एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि 10 जिलों में टेक्सटाइल पार्कों को निजी कंपनियों द्वारा स्थापित किया जाएगा। इन पार्कों की विशेषता यह होगी कि यह सभी 10 जिलों में वहां के टेक्सटाइल उद्योग की मांग के अनुसार विकसित किए जाएंगे।

कानपुर में होजरी, भदोही में कालीन, मऊ में फैब्रिक, बाराबंकी में पाली फाइबर उद्योग की मांगों के अनुसार इन पार्कों को विकसित किए जाने की योजना है।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार हरदोई, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गोरखपुर व संत कबीर नगर में वहां के टेक्सटाइल उद्योग की मांग के अनुसार टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की जाएगी।

## 1,000 इकाइयों की स्थापना की उम्मीद

इन टेक्सटाइल पार्कों में उत्पादों की प्रदर्शनी, सार्वजनिक सुविधा केंद्र, डाईंग, प्रिंटिंग केंद्र, प्रशासनिक भवन, बैंक, एटीएम, विश्रामगृह, जीरो लिक्विड डिस्चार्ज और सालिड वेस्ट मैनेजमेंट की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी।

उन्होंने बताया कि इन टैक्सटाइल पार्कों में लगभग 1,000 इकाइयों की स्थापना की उम्मीद है, जिससे लगभग 8,000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा। साथ ही 40 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

## निजी भूखंडों पर टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की योजना

इससे पहले, सरकार ने टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के लिए निजी भूखंडों पर टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना की योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत निजी भूखंडों पर टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रविधान किया गया था। शामली में इस योजना के तहत एक टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का काम लगभग पूरा कर लिया गया है।